मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-133
08/03/2025

मुख्यमंत्री ने राजगीर में सम्राट जरासंध स्मारक का किया अनावरण, पुष्प अर्पित कर किया नमन

पटना, 08 मार्च 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा जिले के राजगीर के जयप्रकाश उद्यान में सम्राट जरासंध स्मारक का फीता काटकर अनावरण किया। महान सम्राट जरासंध की यह 21 फीट ऊंची प्रतीकात्मक प्रतिमा है। लोकार्पण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने सम्राट जरासंध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सम्राट जरासंध की जीवनी पर म्यूरल्स (भित्तिचित्र), जरासंध जानकारी केंद्र एवं परिसर के जल संरक्षण संरचना का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने जयप्रकाश उद्यान परिसर का जायजा लेने के क्रम में कहा कि पूरे परिसर को ठीक ढंग से मेंटेन रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगीर से हमारा पुराना रिश्ता है। हम बचपन से ही यहाँ आते हैं। बिहार की बागडोर संभालने के बाद वर्ष 2009 में हम राजगीर में 7 दिन रहे थे और यहां के सभी महत्वपूर्ण स्थलों को जाकर देखा था। उसके बाद राजगीर के सभी ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का विकास कराया गया लेकिन सम्राट जरासंध के अखाड़े की स्थिति को ठीक नहीं कर पाये क्योंकि यह स्थल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन प्रतिबंधित है। हम सम्राट जरासंध के अखाड़ा को विकसित करना चाहते थे लेकिन प्रतिबंधित क्षेत्र होने के कारण यह संभव नहीं हो सका इसलिए जरादेवी मंदिर एवं जे०पी० उद्यान के बगल में जरासंध स्मारक निर्माण कराने का निर्णय लिया गया और 27 नवम्बर, 2022 को इसकी घोषणा की गयी। वर्ष 2023 में सम्राट जरासंध स्मारक का निर्माण कार्य शुरू हुआ। हमने कई बार निर्माणाधीन स्थल का जायजा लिया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहाँ पर सम्राट जरासंध की 21 फीट ऊँची प्रतिमा लगायी गयी है और यहाँ पार्क भी बनकर तैयार है। आज सम्राट जरासंध के स्मारक एवं उनकी प्रतिमा (मूर्ति) का अनावरण किया गया है। बिहार में चन्द्रवंशी समाज के लोग सम्राट जरासंध को अपना पूर्वज मानते हैं। इसे देखते हुए वर्ष 2023 से सरकारी तौर पर जरासंध महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

ज्ञातव्य है कि जरासंध महाभारत काल के बेहद ही शक्तिशाली योद्धा थे। वे मल युद्ध (कुश्ती) में माहिर थे। पुराने जमाने के जरासंध का अखाड़ा आज भी राजगीर में मौजूद है।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ0 सुनील कुमार ने पुष्प गुच्छ तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव श्रीमती बन्दना प्रेयसी ने प्रतीक चिह्न भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

कार्यक्रम में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ0 सुनील कुमार, सांसद श्री संजय कुमार झा, सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, विधायक श्री कौशल किशोर, विधायक श्री कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, पूर्व विधायक ई0 सुनील, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव श्रीमती बन्दना प्रेयसी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री

मयंक बरबड़े, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री राकेश राठी, नालंदा के जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******